# चुनावी कार्यविधि

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और अपीलीय अदालतों के न्यायाधीशों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, कृपया *www.courts.ca.gov* देखें।

California के कानून के अनुसार इस नोटिस पर निम्नलिखित जानकारी छापी जानी आवश्यक है।

California के संविधान के तहत, सर्वोच्च न्यायालय और अपीलीय अदालतों के न्यायाधीश मतदाताओं के द्वारा की जाने वाली पुष्टि के आधीन हैं। हर न्यायाधीश के लिए इस विषय पर कि क्या उसे बनाये रखना है, जनता मतदान करती है।

ये न्यायिक पद नॉनपार्टिज़न यानि निर्दलीय हैं।

किसी व्यक्ति के अपीलीय अदालत का न्यायाधीश बन सकने से पहले, गवर्नर को उस उम्मीदवार का नाम न्यायिक प्रत्याशी मूल्यांकन आयोग को भेजना चाहिये, जिसमें जनता के सदस्य और वकील शामिल होते हैं। आयोग समुदाय के इनपुट के साथ उस उम्मीदवार की पृष्ठभूमि और योग्यताओं की गहन समीक्षा करता है, और फिर उम्मीदवार के अपने उस मूल्यांकन को गवर्नर को अग्रसरित कर देता है।

गवर्नर फिर आयोग के मूल्यांकन की समीक्षा करता है और आधिकारिक रूप से उम्मीदवार को नामांकित करता है, जिसकी योग्यताएं न्यायिक नियुक्तियों पर गठित आयोग की परीक्षा और समीक्षा से पहले जनसाधारण की टिप्पणी के आधीन हैं। उस आयोग में California के मुख्य न्यायाधीश, California के अटॉर्नी जनरल, और अपीलीय अदालतों के एक वरिष्ठ पीठासीन न्यायाधीश शामिल होते हैं। न्यायिक नियुक्तियों पर गठित आयोग को तब नामांकन की या तो पुष्टि कर देनी चाहिये या उसे अस्वीकार कर देना चाहिये। केवल पुष्टि किये जाने की दशा में ही नामांकित व्यक्ति न्यायाधीश बनता है।

पुष्टि के बाद, न्यायाधीश को पद की शपथ दिलायी जाती है और वह गवर्नर के अगले चुनाव में, और उसके बाद हर अवधि के समापन पर मतदाताओं की मंजूरी के आधीन होता है। California के संविधान के द्वारा सर्वोच्च न्यायालय और अपीलीय अदालतों के न्यायाधीशों के लिए निर्धारित अवधि 12 वर्ष है। न्यायिक नियुक्तियों पर गठित आयोग के द्वारा न्यायाधीशों की पुष्टि केवल गवर्नर के अगले चुनाव तक की जाती है, जिस समय पर वे अपने पूर्ववर्ती न्यायाधीश की बाकी अवधि, अगर कोई हो, जो या तो चार या आठ वर्ष होगी, तक बने रहने के लिए चुनाव में खड़े होते हैं। (चुनाव संहिता की धारा 9083)

**Goodwin Liu,** California के सर्वोच्च न्यायालय के सह-न्यायाधीश

**बार में प्रवेश :** California बार में 1999 में प्रवेश किया।

**शिक्षा :** Yale लॉ स्कूल, J.D., 1998; Stanford यूनिवर्सिटी, बैचलर ऑफ साइन्स, 1991; Oxford यूनिवर्सिटी, मास्टर्स ऑफ आर्ट्स, 2002।

**व्यावसायिक कानूनी पृष्ठभूमि :** कानून के प्रोफेसर, UC Berkeley स्कूल ऑफ लॉ, 2003–2011 (एसोसिएट डीन के रूप में काम किया, 2008–2010); लिटिगेशन एसोसिएट, O'Melveny & Myers LLP, 2001–2003; अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश Ruth Bader Ginsburg के लॉ क्लर्क, 2000–2001; अमेरिकी शिक्षा विभाग के उप सचिव के विशेष सहायक, 1999–2000; अमेरिकी सर्किट न्यायाधीश David S. Tatel के लॉ क्लर्क, 1998–1999।

**न्यायिक पृष्ठभूमि :** California के सर्वोच्च न्यायालय के सह–न्यायाधीश, 2011–वर्तमान तक (गवर्नर Jerry Brown द्वारा नियुक्त और न्यायिक नियुक्तियों पर गठित आयोग के द्वारा पुष्टि प्राप्त)।

---

**Kathryn Mickle Werdegar,** California के सर्वोच्च न्यायालय की सह-न्यायाधीश

**बार में प्रवेश :** California बार में 1964 में प्रवेश किया।

**शिक्षा :** J.D. (विशेष योग्यता के साथ) George Washington यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ, 1962; बैचलर ऑफ आर्ट्स। Berkeley में California यूनिवर्सिटी, 1957।

**व्यावसायिक कानूनी पृष्ठभूमि :** वरिष्ठ स्टाफ अटॉर्नी California सर्वोच्च न्यायालय, 1985–1991; वरिष्ठ स्टाफ अटॉर्नी California पहली डिस्ट्रिक्ट अपीली अदालत, 1981–1985; एसोसिएट डीन और एसोसिएट प्रोफेसर, यूनिवर्सिटी ऑफ San Francisco स्कूल ऑफ लॉ, 1978–1981; निदेशक, आपराधिक कानून प्रभाग, California बार सतत शिक्षा, Berkeley, CA 1971–1978; सलाहकार और लेखक, California कॉलेज ऑफ ट्रायल जजेस, Berkeley, CA 1968–1971; एसोसिएट, U.C. Berkeley सेंटर फॉर दि स्टडी ऑफ लॉ एंड सोसाइटी, 1965–1967; अमेरिकी न्याय विभाग, नागरिक अधिकार प्रभाग, 1962–1963।

**न्यायिक पृष्ठभूमि :** सह–न्यायाधीश, California सर्वोच्च न्यायालय, 1994 से वर्तमान तक; सह–न्यायाधीश, California अपीली अदालत, पहली अपीलीय डिस्ट्रिक्ट, 1991–1994।

---

22 जुलाई, 2014 को, प्रोफेसर Mariano-Florentino Cuéllar को गवर्नर Jerry Brown के द्वारा California सर्वोच्च न्यायालय के सह-न्यायाधीश होने के लिए नामांकित किया गया था। California के संविधान के अनुसार यह आवश्यक है कि प्रोफेसर Cuéllar के नामांकन की न्यायिक नियुक्तियों पर गठित आयोग के द्वारा या तो पुष्टि की जाये या उसे अस्वीकार कर दिया जाये। अगर किसी नामांकित न्यायाधीश की आयोग के द्वारा पुष्टि की जाती है, तो न्यायाधीश अगले गवर्नर के चुनाव में मतदाताओं की मंजूरी के आधीन है। इसका मतलब है प्रोफेसर Cuéllar नवम्बर 4, 2014 के मतपत्र पर होंगे। राज्य के कानून के अनुसार प्रोफेसर Cuéllar के नामांकन पर विचार करने के लिए आयोग की बैठक से पहले यह मतदाता मार्गदर्शिका छपनी आवश्यक थी। न्यायिक अवधारण चुनावों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, इस मतदाता मार्गदर्शिका का पृष्ठ 62 देखें।

**Mariano-Florentino Cuéllar,** Stanford यूनिवर्सिटी कानून के प्रोफेसर

**बार में प्रवेश :** California बार में 1998 में प्रवेश किया।

**शिक्षा :** Harvard कॉलेज, A.B. 1993; Yale लॉ स्कूल, J.D. 1997; Stanford यूनिवर्सिटी, A.M. 1996, डॉक्टर ऑफ फिलॉसोफी 2000।

**व्यावसायिक कानूनी पृष्ठभूमि :** Stanford यूनिवर्सिटी (2001–वर्तमान); Stanley Morrison विधि प्रोफेसर (2012–वर्तमान); प्रोफेसर (2007–2012); एसोसिएट/सहायक प्रोफेसर (2001–2007); निदेशक और वरिष्ठ फेलो, Freeman Spogli अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संस्थान, Stanford यूनिवर्सिटी, (2013–वर्तमान); न्याय और नियामक नीति के लिए राष्ट्रपति के विशेष सहायक, व्हाइट हाउस, डोमेस्टिक पॉलिसी काउंसिल (2009–2010); को-चेयरमैन, आप्रवासन नीति सम्बंधी कार्यकारी समूह, Obama-Biden ट्रांजिशन प्रोजेक्ट (2008–2009); अमेरिकी अपीलीय अदालत, नौंवी सर्किट, के मुख्य न्यायाधीश Mary M. Schroeder के कानूनी क्लर्क, (2000–2001); वरिष्ठ सलाहकार, अवर सचिव, प्रवर्तन, अमेरिकी ट्रेजरी विभाग, (1997–1999)।